**गुजरात में रुग्ण औद्योगिक एककों को भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक द्वारा सहायता दिया जाना**

2004. **श्री राजूभाई परमार :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक ने गुजरात में रुग्ण एककों को कोई सहायता नहीं प्रदान की है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) यदि उक्त भाग (क) का उत्तर "ना" है, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात में इन औद्योगिक एककों को वर्षवार कितनी-कितनी सहायता प्रदान की गई ; और

(घ) गुजरात में दी गई सहायता का जिलेवार ब्यौरा क्या है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न पैदा ही नहीं होता ।

(ग) भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक ने सूचित किया है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात में रुग्ण औद्योगिक एककों को मंजूर और संवितरित सावधि ऋण की प्रमात्रा निम्नलिखित है :—

(करोड़ रुपए)

| | मंजूर | | संवितरण | |
|---|---|---|---|---|
| | इकाई | राशि | इकाई | राशि |
| 1989–90 . . . | 1 | 1.93 | 10 | 2.00 |
| 1990–91 . . . | 4 | 3.08 | 8 | 2.22 |
| 1991–92 . . . | 4 | 7.13 | 9 | 1.89 |

(घ) भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक द्वारा जिलावार सहायता का ब्यौरा नहीं रखा जाता है ।

**औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा गुजरात में रुग्ण उद्योगों का पता लगाया जाना**

2005. **श्री राजूभाई ए० परमार :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात में औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा पता लगाए गए रुग्ण उद्योगों की जिलेवार संख्या कितनी-कितनी है ;

(ख) क्या इन रुग्ण उद्योगों के चयन के समय कोई शिकायतें मिली थीं और क्या इन शिकायतों के मिलने पर निर्णय बदले गए थे ; और

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) :** (क) औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बी आई एफ आर) ने सूचित किया है कि वह, उसके पास पंजीकृत रुग्ण औद्योगिक कंपनियों के संबंध में, जिलेवार आंकड़े नहीं रखता है । अलबत्ता, 30–6–1992 की स्थिति के अनुसार बी आई एफ आर के पास गुजरात की 111 रुग्ण औद्योगिक कंपनियां पंजीकृत थी ।